राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल, जयपुर

सी–7ए, सुल्तान हाऊस, सवाई जयसिंह हाईवे, जयपुर।
Website : rajasthanparamedicalcouncil.org, Contact : 0141-2973804, 2988946

द्वारा – ईमेल

क्रमांकःपैरामेडिकल.कौ/परीक्षा–कंडक्ट/2021/471 दिनांकः 1/6/21

प्रधानाचार्य,
समस्त सम्बद्ध पैरामेडिकल कॉलेज/संस्थान,
राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल,
जयपुर, राजस्थान।

विषयः– राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल, जयपुर, के डिप्लोमा कोर्सेज शैक्षणिक सत्र 2019–20 की परीक्षाओं के परीक्षा आवेदन पत्र ऑन–लाईन भरवाये जाने में संशोधन के क्रम में।

सन्दर्भः– राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल, जयपुर का पत्र क्रमांक 467 दिनांक 01.06.2021 के सम्बन्ध में।

उपरोक्त विषयान्तर्गत राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल के डिप्लोमा कोर्सेज के शैक्षणिक सत्र 2019–20 प्रथम वर्ष मुख्य सैद्धान्तिक परीक्षा के आयोजन हेतु सन्दभ्रित पत्र के माध्यम से ऑन–लाईन आवेदन भरने की शुल्क राशि के साथ तिथियॉं निर्धारित की गई थी जिनमें निम्न आंशिक संशोधन किया जाता है।

अतः सत्र 2019–20 प्रथम वर्ष मुख्य सैद्धान्तिक परीक्षा के ऑनलाईन आवेदन भरने की नवीन तिथियॉं, शुल्क एवं महाविद्यालय के स्तर से किये जाने वाले कार्यों की निर्धारित तिथियॉं निम्नानुसार हैः–

सत्र 2019–20 प्रथम वर्ष मुख्य सैद्धान्तिक परीक्षा के ऑन–लाईन परीक्षा आवेदन फार्म भरने की तिथियॉं (साधारण शुल्क के साथ)	02.06.2021 से 08.06.2021 तक (अवधि 07 दिवस)	प्रथम वर्ष मुख्य सैद्धान्तिक परीक्षा शुल्क – 2000/– रूपये
ऑन–लाईन आवेदन फार्म भरने की तिथियॉं (विलम्ब शुल्क के साथ)	09.06.2021 से 13.06.2021 तक (अवधि 05 दिवस)	प्रथम वर्ष मुख्य सैद्धान्तिक परीक्षा शुल्क – 2000/– रूपये एंव विलम्ब शुल्क – 200/– रूपये = कुल 2200/–
ऑन–लाईन आवेदन फार्म भरने की तिथियॉं (डबल परीक्षा शुल्क के साथ)	14.06.2021 से 16.06.2021 तक (अवधि 03 दिवस)	प्रथम वर्ष मुख्य सैद्धान्तिक परीक्षा शुल्क – 2000+2000 = 4000/– रूपये
कॉलेज/संस्थान द्वारा ऑन–लाईन आवेदन फार्म वेरिफाई करने की अन्तिम तिथि	17.06.2021 से 18.06.2021	–
कॉलेज/संस्थान द्वारा ऑन–लाईन आवेदन फार्म की सत्यापित सूची, हार्ड प्रति में राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल, जयपुर कार्यालय में जमा करवाने की अन्तिम तिथि	21.06.2021 से 23.06.2021	–

सत्र 2019–20 के अभ्यर्थियों को कॉलेज/संस्थान अपने स्तर से ऑन–लाईन परीक्षा आवेदन फॉर्म भरने की जानकारी से तुरन्त अवगत करावें, कॉलेज/संस्थान के नोटिस बोर्ड पर सूचना चस्पा करें। यदि अभ्यर्थी किसी कारणवश निर्धारित समयावधि में ऑन–लाईन परीक्षा आवेदन फॉर्म भरने में असमर्थ रहता है तो उसके लिए सम्बन्धित कॉलेज/संस्थान स्वयं जिम्मेदार होंगे।

राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल, जयपुर
सी–7ए, सुल्तान हाऊस, सवाई जयसिंह हाईवे, जयपुर।
Website : rajasthanparamedicalcouncil.org, Contact : 0141-2973804, 2988946

कॉलेज/संस्थान द्वारा ऑन–लाईन आवेदन फार्म की सत्यापित सूची, हार्ड प्रति (वह कॉलेज/संस्थान जिन्होंने पूर्व में आवेदन फॉर्म की सत्यापित सूची कौंसिल कार्यालय में जमा करवा दी है वह भी अपनी रिवाइज्ड सत्यापित सूची, हार्ड प्रति) में राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल, जयपुर कार्यालय में व्यक्तिशः/प्रतिनिधि द्वारा जमा करवाने की अन्तिम तिथि 23.06.2021 सायं 05:00 बजे तक है। निर्धारित तिथि एवं समय उपरान्त राशि रूपयें 5000/– की शास्ति, तत्पश्चात् 1000/– रूपयें प्रति कार्यालय दिवस, शास्ति जोड़ते हुए, आरोपित की जायेगी। उक्त दिनांक तक भी यदि किसी कॉलेज/संस्थान द्वारा उपरोक्त निर्देशों की पालना नहीं की जाती है तो सम्बन्धित कॉलेज/संस्थान के अभ्यर्थियों के प्रवेश–पत्र जारी नहीं किये जायेगें, जिसके लिये कॉलेज/संस्थान स्वयं जिम्मेदार होगा।

परीक्षा आवेदन पत्र ऑन–लाईन भरने सम्बन्धी दिशा–निर्देश तथा परीक्षा आवेदन पत्र ऑन–लाईन पद्धति के माध्यम से वेबसाइट http://www.rpcraj.net पर उपलब्ध हैं।

(उत्तम सिंह शेखावत)
आर.ए.एस.
रजिस्ट्रार

क्रमांकःपैरामेडि.कौ/परीक्षा–कंडक्ट /2021/471 दिनांकः 1/6/21

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. अध्यक्ष, राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल, एवं निदेशक (जन स्वा.), चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाऐं, राजस्थान, जयपुर।
2. परीक्षा नियंत्रक/सलाहकार, राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल, जयपुर को सूचनार्थ।
3. प्रभारी सर्वर रूम (राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल) को प्रेषित कर लेख है कि वेबसाईट पर शीघ्र अपलोड करावें।
4. निजी एवं रक्षित पत्रावली।

रजिस्ट्रार